समाचार

# शनि प्रचार रथ को नगर भ्रमण हेतु हरी झण्डी दिखाई महापौर ने

(शनि मंदिर सीतामणी में 03 जून को होगा शनि जयंती समारोह का आयोजन)



कोरबा 01 जून 2019—महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने शनि मंदिर सीतामणी में आज शनि प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर नगर भ्रमण हेतु रवाना किया, उन्होने शनि मंदिर में शनि देवी की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन व आमजन की सुख समृद्धि की कामना की।

03 जून को शनि जयंती के अवसर पर सिद्ध शनि मंदिर स्टेशन रोड सीतामणी में भव्य शनि जयंती का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत आज आयोजकों द्वारा शनि प्रचार रथ का भ्रमणनगर में किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने हरी झण्डी दिखाकर शनि प्रचार रथ का रवाना किया, उन्होने मंदिर में शनि देवी पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना किए जाने के साथ ही उन्होने इस मौके पर विभिन्न प्रांतों से आए विभिन्न अखाडो के साधुसंतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अग्रवाल के साथ वरिष्ठ कांग्रेसे नेत्री कुसुम द्विवेदी, मंदिर समिति के व्यवस्थापक रेवती प्रसाद, राजकुमार मोदी, दयाल महाराज, रवि महाराज, राजेश कुमार, रवि प्रसाद, बंटी आदि के साथ विभिन्न नागा अखाड़ों से आए, साधुसंतों सहित काफी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।